# हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

(नवम् सत्र)

मौखिक उत्तर हेतु प्रश्न

## शुक्रवार, 28 अगस्त, 2015/6 भाद्रपद, 1937 (शक्)

----

**[मुख्य मंत्री - सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री - बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री - वन मंत्री - उद्योग मंत्री - शहरी विकास मंत्री - आबकारी एवं कराधान मंत्री - सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री तथा ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री ].**

**कुल प्रश्न - 43**

----

### मल प्रवाह योजना

***2388 श्री पवन काजल (कांगड़ा):**

क्या **शहरी विकास मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि वर्तमान में कांगड़ा शहर हेतु मल प्रवाह योजना की अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा दें?

----

### प्रतिनियुक्तियां रद्द करना

***2389 श्री गोविन्द राम शर्मा(अर्की) :**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) जिला शिमला में ऐसे कितने JBT, C&V व TGT हैं जो दूसरी पाठशालाओं में प्रतिनियुक्ति पर हैं; ब्यौरा पाठशालाओं का नाम-वार दें; और

(ख) सरकार क्या इन प्रतिनियुक्तियों को रद्द करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

----

## वोल्वो बस की सुविधा

***2390 श्री कुलदीप कुमार(चिन्तपुरनी) :**
**श्रीमती आशा कुमारी(डलहौजी) :**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) वर्तमान में प्रदेश में कितनी वोल्वो बसें हिमाचल प्रदेश पथ परिवहन निगम (HRTC) चला रहा है तथा उनसे विभाग को कितनी आय हो रही है; और

(ख) सरकार क्या चिन्तपूर्णी से दिल्ली और अन्य महत्वपूर्ण स्थानों के लिए वोल्वो बसें चलाने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक?

----

## वन संरक्षण अधिनियम

***2391 श्रीमती सरवीन चौधरी (शाहपुर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) दिनांक 31.07.2015 तक कांगडा लोक निर्माण मण्डल के अन्तर्गत ललेटा से बनु महादेव, ठम्बा-ठेहड़-मनोह तथा बोह-मोर्च-गड़घूं सड़कों की क्या वन संरक्षण अधिनियम के अन्तर्गत क्लीयरैंस प्राप्त हो चुकी है;

(ख) यदि नहीं, तो कारण; इन्हें कब वन क्लीयरैंस के लिए भेजा गया तथा इनकी नवीनतम स्थिति क्या है; और

(ग) बोह-मोर्च-गड़घूं सड़क के लिए क्या कोई धनराशि स्वीकृत हुई है; यदि हां, तो कितनी?

----

## औद्योगिक प्लाट

***2392 श्री रणधीर शर्मा (श्री नैना देवीजी):**

क्या **उद्योग मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) प्रदेश में ऐसे कितने औद्योगिक प्लाट हैं जिन पर निर्धारित समयावधि में उद्योग नहीं लगे हैं; ब्यौरा औद्योगिक क्षेत्रशः दें; और

(ख) इनमें से कितने औद्योगिक प्लाटों में अन्य गतिविधियां चल रही हैं और कितने औद्योगिक प्लाटों को रिहायशी मकान में इस्तेमाल किया जा रहा है; ब्यौरा औद्योगिक क्षेत्रशः दें?

----

## सड़कों का निर्माण

***2393 श्री राकेश कालिया (गगरेट):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि दिनांक 10.4.2015 से 31.7.2015 तक जिला ऊना में कितनी नई सड़कें बनाई गई हैं; ब्यौरा विधान सभा क्षेत्रवार दें ?

----

## Bio-Technological Park

***2394 Sh. Krishan Lal Thakur (Nalagarh):**

Will the **Industries Minister** be pleased to state that:-

(a) whether the land for Bio-Technological Park at Village Aduwal, Tehsil Nalagarh has been selected; if so, to which department it belongs;

(b) whether the proposal for setting-up of this Park has been finalized; and

(c) if not, by when the same will be finalized?

----

## रोस्टर का प्रावधान

***2395 श्री हंस राज (चुराह):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वर्तमान में चुराह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की कितनी वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाओं में Science व कॉमर्स की कक्षाएं चल रही हैं; ब्यौरा पाठशालावार दें;

(ख) हाल ही में चुराह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में SMC द्वारा कितने पदों को भरा गया; ब्यौरा दें; और

(ग) SMC आधार पर भर्तियों में क्या Roster लागू किया गया है; ब्यौरा दें ?

----

## स्वच्छता अभियान

***2396 श्री गुलाब सिंह ठाकुर (जोगिन्द्रनगर):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वर्ष 2014-15 व 2015-16 (31-07-2015) तक सम्पूर्ण स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत केन्द्र सरकार की ओर से प्रदेश सरकार को कुल कितनी धनराशि प्राप्त हुई; ब्यौरा वर्षवार दें;

(ख) केन्द्र सरकार से प्राप्त धनराशि प्रदेश सरकार द्वारा कहां-कहां एवं किस उद्देश्य के लिए खर्च की गई; ब्यौरा उप-मण्डलवार दें; और

(ग) इस अभियान के अन्तर्गत प्रदेश सरकार की क्या उपलब्धियां रही; ब्यौरा दें?

----

## ईको-टूरिज्म

***2397 श्री अनिरूद्ध सिंह (कसुम्पटी):**

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) वर्तमान में प्रदेश में Eco-Tourism के अन्तर्गत कितनी परियोजनाएं स्वीकृत की गई; इनके Norms क्या हैं; प्रति सभा पटल पर रखें;

(ख) इन परियोजनाओं हेतु क्या सम्बन्धित क्षेत्र की पंचायत से अनापत्ति प्रमाण-पत्र लेना अनिवार्य है; और

(ग) यदि हां, तो क्या स्वीकृत योजनाओं के अनापत्ति प्रमाण-पत्र लिए गए हैं; ब्यौरा दें ?

----

## सीमेंट का मूल्य

***2398 श्री राम कुमार (दून):**

क्या **उद्योग मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) यह सत्य है कि सीमेंट उद्योग प्रदेश में स्थापित हैं और हिमाचल वासियों को पड़ोसी राज्यों की तुलना में सीमेंट 40-50 रू0 प्रति बैग महंगा मिलता है; और

(ख) यदि हां, तो सरकार सीमेंट के रेट पड़ोसी राज्यों के बराबर करने हेतु क्या कदम उठा रही है; ब्यौरा दें?

----

## विस्थापितों का पुनर्वास

***2399 श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) गत तीन वर्षों में प्रदेश में भिन्न-भिन्न प्रोजैक्टों के कितने विस्थापितों को पुनर्वासित किया गया है; ब्यौरा जिलावार नाम सहित दें;

(ख) ऐसे कितने परिवार हैं जिन्हें पुनर्वासित करना शेष है; ब्यौरा नाम सहित दें;

(ग) B.B.M.B. कॉलोनी सुन्दरनगर और सलापड़ में कितनी भूमि है जो सरप्लस नहीं है; ब्यौरा दें; और

(घ) सरकार क्या B.B.M.B. के माध्यम से बग्गी से लेकर कंट्रोल गेट सुन्दरनगर तक सुरक्षा दीवार लगाने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक ?

----

## गाड़ियां ठेके पर

***2400 श्री सतपाल सिंह सत्ती(ऊना) :**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत तीन वर्षों में आई0जी0एम0सी0 शिमला के लिए रैडक्रॉस द्वारा कुल कितनी गाड़ियां उपलब्ध करवाई गई; और

(ख) इन गाड़ियों में से कितनी गाड़ियां अस्पताल प्रशासन द्वारा ठेके पर दी गई हैं तथा किन शर्तों पर; ब्यौरा ठेकेदार के नाम/पते सहित दें?

----

## अग्निशमन केन्द्र की स्थापना

***2401 श्री रविन्द्र सिंह (देहरा):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) सरकार जिला कागंड़ा के देहरा में "फायर स्टेशन" स्थापित करने का विचार रखती है;

(ख) यदि हां, तो कब तक; और

(ग) सरकार द्वारा क्या इसके लिए भूमि का चयन कर लिया है और भूमि विभाग के नाम हस्तान्तरित हो चुकी है; ब्यौरा मामले की नवीनतम स्थिति सहित दें?

----

## अवैध कटान

***2402 श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि दिनांक 20-7-2014 को जगत गोशालथड़ में अवैध कटान का मामला ध्यान में आया था;

(ख) यदि हां, तो इस अवैध कटान में सम्बन्धित गार्ड के संलिप्त होने के आरोप हैं और इस प्रकार की शिकायत गांव मनाली कमेटी और पंचायत ने की थी; और

(ग) सरकार द्वारा मामले की छानबीन उपरान्त किसके विरुद्ध कार्रवाई की गई; ब्यौरा दें?

----

## स्क्रीनिंग टैस्ट में अनियमितताएं

***2403 श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) गत दिनों सरकार को हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आई0टी0आई0 प्रिंसीपल के पदों की भर्ती के स्क्रीनिंग टैस्ट में हुई अनियमितताओं बारे कोई शिकायत प्राप्त हुई है;

(ख) यह सत्य है कि शिकायत अनुसार 50 नम्बर का पेपर सिलेबस अनुरूप नहीं था; और

(ग) यदि हां, तो सरकार इस त्रुटि को सुधार कर पुनः छंटनी परीक्षा आयोजित करवाएगी; यदि नहीं, तो कारण ?

----

## राजकीय महाविद्यालय सराहां

***2404 श्री सुरेश कुमार (पच्छाद):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क)यह सत्य है कि केन्द्र सरकार द्वारा राजकीय महाविद्यालय सराहां में बजट का प्रावधान किया गया है; यदि हां, तो कितना; और

(ख) महाविद्यालय भवन के लिये भूमि का चयन कर लिया गया है तथा निर्माण कार्य कब शुरू किया जायेगा; ब्यौरा दें?

----

## नियम में छूट

***2405 श्री गोविन्द सिंह ठाकुर(मनाली) :**
**श्री कर्ण सिंह(बन्जार) :**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-
(क) यह सत्य है कि प्रदेश में वर्ष 2007 से पहले "बागवानी प्रसार अधिकारी" के पद हेतु दसवीं पास एवं एक वर्ष का "माली क्लास" पास डिप्लोमा की शैक्षणिक योग्यता निर्धारित की गई थी;

(ख) यदि हां, तो वर्ष 2000 से 2007 तक कितने पात्र उम्मीदवारों का चयन इन पदों पर किया गया; और

(ग) सरकार क्या वर्ष 1995 से पूर्व बैच के बेरोजगार उम्मीदवारों को नये भर्ती एवं पदोन्नति नियमों में One Time Relaxation देने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक ?

----

## Distribution of Wood

***2406 Sh. Ravi Thakur (Lahaul & Spiti):**

Will the **Forest Minister** be pleased to state that:-

(a) how much wood was in stock of Kial, Diyar in depot of gemour, Keylong, Jalma store of forest; and

(b) during the last two years how much Kial, Diyar wood has been distributed to the residents of Lahaul & Spiti against the demand of the people?

----

## सड़कों की डी0पी0आर0

***2407 श्री इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) दिनांक 1 जनवरी, 2013 से 31 जुलाई, 2015 तक लोक निर्माण विभाग के सरकाघाट मण्डल द्वारा सरकाघाट विधान सभा चुनाव क्षेत्र की किन-किन सड़कों की डी0पी0आरज़ तैयार की गई; ब्यौरा सड़कवार दें;

(ख) इस अवधि के दौरान विधायक प्राथमिकता के अन्तर्गत दी गई सड़कों में से किन-किन की डी0पी0आरज़ तैयार की गई; और

(ग) कौन-कौन सी सड़कें ऐसी हैं जिनकी डी0पी0आरज़ बननी शेष हैं व ये कब तक बनकर तैयार हो जाएंगी?

----

## Monkey Bites

***2408 Sh. Ajay Mahajan (Nurpur):**

Will the **Forest Minister** be pleased to state that:-

(a) during the last six months how many cases of monkey bites have been reported in Nurpur Assembly Constituency;

(b) how many deaths resulting from monkey bites have taken place;

(c) how many monkeys have been trapped by the Forest Department to curb the problem; and

(d) how does Forest Department plan to deal with this problem in future?

----

## भूमि का अधिग्रहण

***2409 श्री वीरेन्द्र कंवर (कुटलैहड़):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) ऊना से तलवाड़ा व भानुपल्ली से बिलासपुर रेलवे लाइन के लिए वर्ष 2014-2015 के लिए कितनी धनराशि स्वीकृत हुई है; और

(ख) इन रेलवे लाइनों हेतु कितनी भूमि का अधिग्रहण किया जा चुका है; ब्यौरा गांववार दें?

----

## कर्मचारियों/अधिकारियों की नियुक्ति

***2410 श्री सुरेश भारद्वाज (शिमला):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) वर्तमान में हिमाचल प्रदेश प्रशासनिक अधिकरण में कुल कितने कर्मचारियों व अधिकारियों को नियुक्त किया गया है इस अधिकरण का एक वर्ष के व्यय का कितना बजट अनुमान है;

(ख) इस अधिकरण के 2015 में शुरू होने के बाद कुल कितने वाद (cases) पंजीकृत हुए तथा 31.07.2015 तक कितने वादों (cases) का निर्णय हुआ; और

(ग) सरकार द्वारा अधिकरण में कितने विधि अधिकारियों (ए0डी0, महाधिवक्ता, उप-महाधिवक्ता) आदि नियुक्त किए हैं; विवरण दें?

----

## Flood Protection Work

***2411 Sh. Narinder Thakur (Sujanpur):**

Will the **Irrigation & Public Health Minister** be pleased to state that:-

(a) what is the total cost/project cost, physical and financial achievements of the Flood Protection Work to village Sachuhi, Gram Panchayat Khanauli, Tehsil Sujanpur, District Hamirpur;

(b) what is the ratio of estimated and sanctioned cost of this work between State and Central Government; and

(c) how many works/tenders which have been further split-up by the Irrigation & Public Health Division, Hamirpur without sanction/approval of the competent authority and what action is being taken for such lapses?

----

## नियमों/दिशा-निर्देशों की प्रति

***2412 श्री विजय अग्निहोत्री (नदौन):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि National Green Tribunal द्वारा स्टोन क्रशर को खड्डों के किनारे लगाने बारे कोई नए दिशा-निर्देश जारी किये हैं; यदि हां, तो नियमों/दिशा-निर्देशों की प्रति सभा पटल पर रखें; और

(ख) यह भी सत्य है कि National Green Tribunal द्वारा जारी दिशा-निर्देशों/नियमों के अनुसार बहते हुये पानी के 100 मीटर के दायरे में स्टोन क्रशर चलाना अवैध है ?

----

## पुलिस चौकी का उन्नयन

***2413 श्री पवन काजल (कांगड़ा):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार कांगड़ा के गग्गल में कार्यरत पुलिस चौकी का दर्ज़ा बढ़ा कर पुलिस थाना करने पर विचार करेगी; यदि हां, तो कब तक ?

----

## Policy for IT Teachers

***2414 Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that:-

(a) whether any policy has been framed for IT Teachers who are working in Schools from outsourced agencies;

(b) how many such Teachers are there in the State and since when they are working; and

(c) whether the Government will consider to absorb them in Government service?

----

## सड़क निर्माण

***2415 श्रीमती सरवीन चौधरी (शाहपुर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि कांगड़ा लोक निर्माण मण्डल के अन्तर्गत फरगेड़ से झिकला भनियार निर्माणाधीन सड़क की निशानदेही तहसीलदार ज्वाली ने की है तथा उसके अनुसार यह 4-5 मीटर आम रास्ता है; और

(ख) यदि हां, तो इस सड़क के निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा दें?

----

## रज्जू मार्ग

***2416 श्री गोविन्द सिंह ठाकुर(मनाली) :**
**श्री रणधीर शर्मा(श्री नैना देवीजी) :**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) सरकार ने हाल ही में विभिन्न स्थानों पर रोप-वे के निर्माण की स्वीकृति प्रदान की है;

(ख) यदि हां, तो किस आधार/शर्तों पर किन-किन एजेन्सियों/कम्पनियों को रोप-वे लगाने की स्वीकृति प्रदान की गई; ब्यौरा चिन्हित स्थानों के नाम सहित दें; और

(ग) सरकार क्या विकास में जन सहभागिता के आधार पर भी रोप-वे के निर्माण का आबंटन करने का विचार रखती है?

----

## Latest position of Road

***2417 Sh. Krishan Lal Thakur (Nalagarh):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is a fact that the State Government is proposing to widen/strengthen the Nalagarh-Ramshehar-Diggal-Shalaghat road under Industrial corridor project of GOI;

(b) if yes, what is the latest position of the same;

(c) whether the proposed Industrial corridor road will be of NH standard; and

(d) if the proposal mentioned above is finalized then under which project of Central/State Government Kunihar-Jubbarhatti-Shimla portion of Nalagarh-Ramshehar-Shimla road will be widened/strengthened ?

----

## कार्यों की निविदाएं

***2418 श्री हंस राज (चुराह):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि इस वित्तीय वर्ष में दिनांक 31.07.2015 तक चम्बा व पांगी घाटी में लोक निर्माण विभाग द्वारा छोटे-बड़े कितने सरकारी टेंडर कार्यों के लगाये तथा कितनी धनराशि व्यय की गई; ब्यौरा उप-मण्डलवार दें?

----

## ई0एस0आई0 अस्पताल नेरचौक

***2419 श्री गुलाब सिंह ठाकुर (जोगिन्द्रनगर):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि ESI अस्पताल नेरचौक (मण्डी) के निर्माण का कार्य कब तक पूर्ण हो जायेगा तथा कब तक इसे संचालित कर दिया जाएगा; इसकी अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा दें ?

----

## महाविद्यालय को अनुदान

***2420 श्री सतपाल सिंह सत्ती (ऊना):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) प्रदेश में वर्तमान में कितने महाविद्यालय सरकारी व निजी क्षेत्र में हैं;

(ख) निजी क्षेत्र में कितने ऐसे महाविद्यालय हैं जिन्हें 95% अनुदान दिया जा रहा है; ब्यौरा उनके नाम/पते सहित दें; और

(ग) इन महाविद्यालयों को क्या समय पर 95% ग्रांट-इन-एड दी जा रही है; यदि नहीं, तो कारण ?

----

## अध्यापकों की रिक्तियां

***2421 श्री रविन्द्र सिंह (देहरा):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि देहरा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में विभिन्न प्राथमिक विद्यालयों में कितने जे0बी0टी0 के पद सृजित हैं तथा उनमें से कितने पद कब-कब से रिक्त हैं; ब्यौरा विद्यालयवार दें?

----

## कम्पनी के विरुद्ध कार्रवाई

***2422 श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि अग्निशमन विभाग ने ड्राईवर-कम-पम्प ऑपरेटर के साक्षात्कार हेतु 5-8-2015 की तिथि निर्धारित कर साक्षात्कार बल्देयां केन्द्र में रखे थे;

(ख) यह भी सत्य है कि साक्षात्कार हेतु एक अग्रवाल एंड कम्पनी द्वारा आवेदन करने हेतु फार्म तैयार कर बेचे और वितरित किए;

(ग) यह भी सत्य है कि इस कम्पनी के विरुद्ध विभाग के पास शिकायत दर्ज की गई; और

(घ) यदि हां, तो इस सन्दर्भ में क्या कार्रवाई की गई और साक्षात्कार के दौरान कितने आवेदन इस प्रकार के फार्म पर प्राप्त हुए ?

----

## भवन निर्माण

***2423 श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) वर्तमान में चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितने स्कूल भवनों का निर्माण कार्य चल रहा है; उनमें से कितने कार्य पूर्ण हो चुके हैं; ब्यौरा स्कूल के नाम व आबंटित/स्वीकृत धनराशि सहित दें;

(ख) ऐसे कितने स्कूल हैं जहां पर अभी तक भवन निर्माण कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया; ब्यौरा दें;

(ग) ऐसे कितने स्कूल हैं जिनके भवन निर्माण हेतु भूमि उपलब्ध नहीं हुई है; और

(घ) सरकार द्वारा भूमि उपलब्ध करवाने हेतु क्या कार्रवाई की जा रही है; ब्यौरा दें?

----

## पर्यटन स्वागत केन्द्र सराहां

***2424 श्री सुरेश कुमार (पच्छाद):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि सराहां में पर्यटन स्वागत केन्द्र का निर्माण कार्य चल रहा है ;

(ख) यदि हां, तो इसके लिए कितने बजट का प्रावधान किया गया; और

(ग) इसे क्या विधायक प्राथमिकता में रखा गया था; यदि हां, तो कब; ब्यौरा दें?

----

## Subsidy on Peas Rates

***2425 Sh. Ravi Thakur (Lahaul & Spiti):**

Will the **MPP & Power Minister** be pleased to state that:-

(a) during the last one year there has been any increase in the rates of peas seeds to be supplied to tribal areas; and

(b) how much is the increase in the rates and Government proposes to give subsidy on peas seed rates for the tribal farmers?

----

## एन0डी0पी0एस0 के अन्तर्गत मामले

***2426 श्री इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) दिनांक 1.4.2014 से 31.7.2015 तक प्रदेश में NDPS के अन्तर्गत कितने मामले दर्ज़ किए गए; ब्यौरा जिलाशः दें; और

(ख) सरकार ने इन्हें रोकने के लिए क्या-क्या पग उठाए हैं; ब्यौरा दें ?

----

## Transfer of Area

***2427 Sh. Ajay Mahajan (Nurpur):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that:-

(a) after the re-organization of the legislative Assembly Constituency area during the last delimitation, some of the area of Nurpur Constituency has come under adjoining PWD Division; and

(b) whether there is any proposal to transfer that area to the respective constituency division ?

----

## डीजल का रेट

***2428 श्री वीरेन्द्र कंवर (कुटलैहड़):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) दिनांक 01-04-2013 से 31.07.2015 तक परिवहन विभाग द्वारा कितने प्रतिशत बस किराया बढ़ाया गया है;

(ख) उस समय डीजल का क्या रेट प्रति लीटर था; और

(ग) वर्तमान में डीजल का क्या रेट है; ब्यौरा दें ?

----

## भवनों के नक्शे

***2429 श्री सुरेश भारद्वाज(शिमला) :**

क्या **शहरी विकास मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) दिनांक 01-01-2013 से 31-07-2015 तक शिमला शहर व इसके इर्द-गिर्द लगते क्षेत्रों में कितने भवनों के नक्शे शिमला नगर निगम अधिनियम, नगर एवं ग्राम योजना अधिनियम, अपार्टमेंट अधिनियम के अन्तर्गत स्वीकृत किए गए; ब्यौरा नाम, पते सहित दें;

(ख) दिनांक 01.01.2013 से 31.07.2015 तक शिमला नगर निगम के अन्तर्गत सरकार द्वारा कैबिनेट स्तर पर कितने भवनों के नक्शे पास/अनुमोदित किए गए; ब्यौरा नाम, पते सहित दें; और

(ग) सरकार द्वारा क्या शिमला शहर में छः मंजिल से अधिक भवनों के नक्शे भी पास/अनुमोदित किए गए; ब्यौरा दें ?

----

## सहायक/उप/अतिरिक्त महाधिवक्ताओं की नियुक्ति

***2430 श्री विजय अग्निहोत्री (नदौन):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) दिनांक 1.1.2015 से 31.7.2015 तक प्रदेश में एडिशनल/ऐसिस्टैंट/डिप्टी एडवोकेट जनरल के कितने-कितने पद भरे गए हैं; ब्यौरा नियुक्त व्यक्तियों के नाम, पते व उनके वकालत के अनुभव सहित दें; और

(ख) उपरोक्त पदों हेतु निर्धारित शैक्षणिक व वांछित योग्यता क्या-क्या है; ब्यौरा दें?

----

**शिमलाः 171004.** **सुन्दर सिंह वर्मा ,**

**दिनांकः 17 अगस्त, 2015.** **सचिव।**